शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

वार्षिक परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र (2025-26)

कक्षा-बारहवीं

विषय-राजनीति विज्ञान (028)

अवधि: 3 घंटे                                                                                  अधिकतम अंक: 80

निर्देश:

1. प्रश्न पत्र में पाँच खंड (A, B, C, D और E) हैं जिनमें कुल 30 प्रश्न हैं।

2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3. प्रश्न संख्या 1-12 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं व् प्रत्येक एक अंक का है।

4. प्रश्न संख्या 13-18 प्रत्येक 2 अंकों के है। इन प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

5. प्रश्न संख्या 19-23 प्रत्येक 4 अंकों के है। इन प्रश्नों के उत्तर 100-120 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए। 4 अंकों वाले दो प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गये हैं।

6. प्रश्न संख्या 24-26 चित्र, मानचित्र और गद्यांश पर आधारित प्रश्न हैं और उनका तदनुसार उत्तर दें।

7. प्रश्न संख्या 27-30 प्रत्येक 6 अंकों के है। इन प्रश्नों के उत्तर170-180 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।


8. सभी 6 अंकों वाले प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गये हैं।

| **खंड-क (12x1=12 अंक)** | | |
|---|---|---|
| प्र.स. | प्रश्न | अंक |
| 1. | शीत युद्ध की समाप्ति का एक प्रमुख परिणाम ________था?<br>अ) द्विध्रुवीयता का उदय<br>ब) गुटनिरपेक्ष आंदोलन का सुदृढ़ीकरण<br>स) अमेरिका का एकमात्र महाशक्ति के रूप में उदय<br>द) संयुक्त राष्ट्र की भूमिका में गिरावट | 1 |
| 2 | क्योटो प्रोटोकॉल संबंधित है:-<br>अ) परमाणु निरस्त्रीकरण<br>ब) जलवायु परिवर्तन<br>स) व्यापार उदारीकरण<br>द) मानवाधिकार | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | नीचे दो कथन अभिकथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं। इन कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उनके नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उचित उत्तर विकल्प का चयन कीजिए:<br>अभिकथन (A): आज सुरक्षा में केवल सैन्य खतरे ही नहीं, बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय चिंताएँ भी शामिल हैं।<br>कारण (R): वैश्वीकरण ने सैन्य गठबंधनों से परे राज्यों को आपस में जोड़ा है।<br>विकल्प:<br>अ) A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>ब) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>स) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।<br>द) A असत्य है, लेकिन R सत्य है। | 1 |
| 4 | निम्नलिखित में से कौन सा देश सोवियत संघ का हिस्सा था?<br>अ) वियतनाम<br>ब) क्यूबा<br>स) उत्तरी कोरिया<br>द) कज़ाकिस्तान | 1 |
| 5 | मानव सुरक्षा की अवधारणा को प्रमुखता मिली:<br>अ) 1960 के दशक में<br>ब) 1970 के दशक में<br>स) 1980 के दशक में<br>द) 1990 के दशक में | 1 |
| 6 | ताशकंद समझौते (1966) पर हस्ताक्षर के समय भारत के विदेश मंत्री कौन थे?<br>अ) सरदार स्वर्ण सिंह<br>ब) अटल बिहारी वाजपेयी<br>स) लाल बहादुर शास्त्री<br>द) पी.वी. नरसिम्हा राव | 1 |
| 7 | गुटनिरपेक्ष आंदोलन का प्राथमिक उद्देश्य था:<br>अ) सैन्य गठबंधन<br>ब) शीत युद्ध गुटों से बचना<br>स) औपनिवेशिक विस्तार को बढ़ावा देना<br>द) नाटो को मजबूत करना | 1 |
| 8 | निम्नलिखित में से भारत के मिश्रित अर्थव्यवस्था मॉडल के निर्माता कौन थे?<br>अ) महात्मा गांधी<br>ब) जवाहरलाल नेहरू<br>स) बी.आर. अम्बेडकर | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | द) इंदिरा गांधी | |
| 9 | "गरीबी हटाओ" का नारा........................द्वारा दिया गया था I<br>अ) इंदिरा गांधी<br>ब) राजीव गांधी<br>स) मोरारजी देसाई<br>द) लाल बहादुर शास्त्री | 1 |
| 10 | नेताओं का उनके दलों से मिलान कीजिए:<br>नेता — दल<br>I. जयप्रकाश नारायण — i. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी<br>II. ई.एम.एस. नंबूदरीपाद — ii. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस<br>III. सी. राजगोपालाचारी — iii. स्वतंत्र पार्टी<br>IV. इंदिरा गांधी — iv. जनता पार्टी<br>कोड:<br>अ) I-(iv), II-(i), III-(iii), IV-(ii)<br>ब) I-(ii), II-(iii), III-(iv), IV-(i)<br>स) I-(iii), II-(iv), III-(i), IV-(ii)<br>द) I-(i), II-(ii), III-(iii), IV-(iv) | 1 |
| 11 | बांग्लादेश के पहले प्रधानमंत्री कौन थे?<br>अ) शेख मुजीबुर रहमान<br>ब) ज़िया-उर-रहमान<br>स) खालिदा ज़िया<br>द) हुसैन मुहम्मद इरशाद | 1 |
| 12 | निम्नलिखित को उनके गठन के कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए :<br>I) हरियाणा<br>II) नागालैंड<br>III) उत्तराखंड<br>IV) असम<br><br>विकल्प:<br>अ) I, II, IV, III<br>ब) I, III, IV, II<br>स) II, I, IV, III<br>द) IV, III, II, I | 1 |


| | | |
|---|---|---|
| | **खंड-ख (6 × 2 = 12 अंक)** | |
| 13 | भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना के कोई दो उद्देश्य बताइए। | 2 |
| 14 | क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में 'दक्षेस'की भूमिका की व्याख्या कीजिए। | 2 |
| 15 | सामूहिक सुरक्षा और सहकारी सुरक्षा के बीच अंतर स्पष्ट केजिए। | 2 |
| 16 | भारत में हरित क्रांति क्यों शुरू की गई? | 2 |
| 17 | गठबंधन सरकार और एकदलीय प्रभुत्व के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 18 | उदाहरण सहित "वैश्विक साझी संपदा"(Global Commons) शब्द को परिभाषित कीजिए । | 2 |
| | **खंड-ग (5 × 4 = 20 अंक)** | |
| 19 | बांडुंग सम्मेलन (1955) में भारत की भूमिका का विवरण दीजिए। | 4 |
| 20 | "क्षेत्रीय आकांक्षाएँ भारत में लोकतंत्र को मजबूत बनाती हैं।" उदाहरणों सहित इसकी पुष्टि कीजिए। | 4 |
| 21(A) | 1991 के बाद भारत के संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंधों का विश्लेषण कीजिए। | 4 |
| | अथवा | |
| 21(B) | सोवियत प्रणाली की दो शक्तियों और दो कमजोरियों का वर्णन कीजिए। | 4 |
| 22(A) | वैश्वीकरण के किन्हीं दो राजनीतिक परिणामों की व्याख्या कीजिए। | 4 |
| | अथवा | |
| 22(B) | कल्याणकारी राज्य का स्थान बाजार अर्थव्यवस्था द्वारा क्यों लिया जा रहा है? प्रमुख कारणों द्वारा स्पष्ट कीजिए। | 4 |
| 23 | 1989 के लोकसभा चुनाव के चार प्रमुख परिणामों का वर्णन कीजिए। | 4 |
| | **खंड- घ (3 × 4 = 12 अंक)** | |
| 24 | नीचे दिए गए चित्र का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उचित उत्तर चुनिए : | |

| | | |
|---|---|---|
| |  | |
| I | पानी की बोतल पर अंकित पृथ्वी की छवि मुख्यतः किसका प्रतीक है?<br>अ) वैश्विक व्यापार मार्ग<br>ब) जल निजीकरण<br>स) जल संरक्षण की साझा ज़िम्मेदारी<br>द) बोतलबंद पानी की खपत में वृद्धि | 1 |
| ii | कौन सा अंतर्राष्ट्रीय समझौता ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने पर केंद्रित है और अप्रत्यक्ष रूप से जल स्थिरता को बढ़ावा देता है?<br>अ) मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल<br>ब) क्योटो प्रोटोकॉल<br>स) अंटार्कटिक संधि<br>द) सार्क चार्टर | 1 |
| iii | निम्नलिखित में से किसे 'वैश्विक साझा' संसाधन माना जाता है?<br>अ) अमेज़न वर्षावन<br>ब) हिमालय के ग्लेशियर<br>स) राष्ट्रीय नदियों का मीठा पानी<br>द) महासागर और वायुमंडल | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| iv | किस शिखर सम्मेलन ने पर्यावरणीय चिंताओं को पहली बार वैश्विक राजनीति के केंद्र में लाया गया?<br>अ) पृथ्वी शिखर सम्मेलन, 1992<br>ब) जी-8 शिखर सम्मेलन, 2005<br>स) रियो+20 शिखर सम्मेलन<br>द) स्टॉकहोम सम्मेलन, 1972 | 1 |
| | नोट: प्रश्न संख्या 24 के स्थान पर निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए हैं: | |
| i | उस अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का नाम बताइए जहाँ एजेंडा-21 को अपनाया गया था। | 1 |
| ii | पर्यावरणीय चिंताएं वैश्विक राजनीति का हिस्सा बनने का एक कारण बताइए। | |
| iii | किसी एक देश का नाम बताइए जिसे क्योटो प्रोटोकॉल के तहत बाध्यकारी उत्सर्जन लक्ष्यों से छूट दी गई थी। | |
| iv | 1992 में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन का क्या महत्व है? | 1 |
| 25 | भारत के दिए गए रेखा-राजनीतिक मानचित्र में, चार राज्यों को (A), (B), (C) और (D) के रूप में चिह्नित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और नीचे दिए गए प्रारूप में प्रयुक्त जानकारी की क्रम संख्या और संगत अक्षरों का उपयोग करके अपनी उत्तर पुस्तिका में उनके सही नाम लिखिए: | |

| प्रयुक्त जानकारी के लिए क्रमांक | मानचित्र में प्रासंगिक वर्णमाला | राज्य का नाम | |
|---|---|---|---|
| I | | | |
| II | | | |
| III | | | |
| IV | | | |

| | | |
|---|---|---|
| i | वह राज्य जहां 1967 में डीएमके ने सरकार बनाई थी। | 1 |
| ii | वह राज्य जहाँ सीपीआई ने 1957 में महत्वपूर्ण सीटें जीतीं। | 1 |
| iii | वह राज्य जहाँ 1977 में जनता पार्टी ने सरकार बनाई। | 1 |
| iii | वह राज्य जहां एन.टी. रामाराव मुख्यमंत्री बने। | 1 |




| | | |
|---|---|---|
| | नोट: प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए हैं। | |
| i | स्वतंत्रता के तुरंत बाद भारतीय राजनीति पर हावी होने वाली राजनीतिक पार्टी का नाम बताइए। | 1 |
| ii | स्वतंत्र भारत में प्रथम आम चुनाव किस वर्ष हुए थे? | 1 |
| iii | स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री कौन थे? | 1 |
| iv | स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस प्रणाली के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नेता का नाम बताइए? | 1 |
| 26 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सबसे उपयुक्त उत्तर चुनिए: | |
| | आसियान की स्थापना 1967 में इस क्षेत्र के पाँच देशों इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड ने बैंकॉक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करके की थी। आसियान के मुख्य उद्देश्य आर्थिक विकास को गति देना और उसके माध्यम से 'सामाजिक प्रगति और सांस्कृतिक विकास' करना था। इसका एक अन्य उद्देश्य कानून के शासन और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के आधार पर क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना था। इन वर्षों में ब्रुनेई दारुस्सलाम, वियतनाम, लाओ पीडीआर, म्यांमार (बर्मा) और कंबोडिया भी आसियान में शामिल हुए जिससे इसकी संख्या दस हो गई। | |
| i | आसियान की स्थापना हुई थी:<br>अ) 1965 | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | ब) 1967<br>स) 1970<br>द) 1972 | |
| ii | किस घोषणापत्र के आधार पर आसियान की स्थापना हुई?<br>अ) जकार्ता घोषणापत्र<br>ब) बैंकॉक घोषणापत्र<br>स) मनीला घोषणापत्र<br>द) सिंगापुर घोषणापत्र | 1 |
| iii | निम्नलिखित में से कौन आसियान का संस्थापक सदस्य नहीं था?<br>अ) इंडोनेशिया<br>ब) मलेशिया<br>स) वियतनाम<br>द) थाईलैंड | 1 |
| iv | आसियान के गठन के समय इसका प्राथमिक उद्देश्य क्या था?<br>अ) क्षेत्रीय सैन्य सहयोग<br>ब) आर्थिक विकास में तेजी लाना<br>स) परमाणु निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना<br>द) यूरोप के साथ व्यापार का विस्तार करना | 1 |
| | **खंड-ड. (4 × 6 = 24 अंक)** | |
| 27A | संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को और अधिक लोकतांत्रिक बनाने के लिए कोई तीन सुधार सुझाइए। भारत स्थायी सदस्यता का हकदार क्यों है? | 3+<br>3=<br>6 |
| | अथवा | |
| 27B | संयुक्त राष्ट्र के विकास का वर्णन कीजिये और इसकी विशेष एजेंसियों की भूमिका की व्याख्या कीजिए। | 3+<br>3=<br>6 |
| 28A | 1990 के दशक से भारत में राजनीतिक सहमति के किन्हीं तीन क्षेत्रों का वर्णन कीजिए। | 6 |
| | अथवा | |
| 28B | भारत की बहुदलीय प्रणाली के कोई चार लाभों की विस्तार से व्याख्या कीजिये। | 6 |
| 29A | भारत में भाषाई राज्यों के निर्माण की उचित तर्कों के साथ व्याख्या कीजिये । | 6 |
| | अथवा | |
| 29B | स्वतंत्रता के बाद हैदराबाद और जूनागढ़ के प्रति भारत की नीति की व्याख्या कीजिए । | 6 |
| 30A | एक क्षेत्रीय संगठन के रूप में आसियान की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए। | 6 |
| | अथवा | |

| | | |
|---|---|---|
| 30B | क्या यूरोपीय संघ को शक्ति का एक वैकल्पिक केंद्र माना जा सकता है? अपने उत्तर के पक्ष में उचित तर्क दीजिए। | 6 |